# <u>प्रादेशिक समाचार</u>

**दिनांक– 04.05.2025** **(दोपहर–1455 बजे)**

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

********************

मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स आज संपन्न हो रहा है। अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र होंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था।

वेव्स सम्मेलन में एक स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम वेव्स एक्स से करीब 15 स्टार्टअप को वित्त पोषण मिलने की उम्मीद है। आई ए एम ए आई के चीफ ग्रोथ ऑफिसर संदीप झिंगरन ने बताया कि वेव्स एक्स के लिए विभिन्न स्टार्टअप्स ने कुल एक हजार आवेदन जमा किए थे। इनमें से करीब 30 ने निवेशकों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए।

********************

रांची के पुराना विधानसभा मैदान में 6 मई को प्रदेश कांग्रेस संविधान बचाव रैली का आयोजन करेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, अलका लांबा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बताया कि रैली को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने को लेकर पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

********************

साहिबगंज के सिद्धो–कान्हू सभागार में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें कुल 15 निजी कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें से 8 कंपनियाँ साहेबगंज जिले से संबंधित थीं। इस दौरान कुल 820 रिक्तियों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें से 87 अभ्यर्थियों का चयन तथा 192 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

********************

जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में किया गया।

********************

राजधानी रांची समेत कई इलाकों में आज मौसम साफ रहा और दोपहर में गर्मी महसूस की गई। गढ़वा, गुमला और पलामू के कुछ हिस्सों में अगले 1 से 3 घंटे में गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

********************

18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए मेगा खेल आयोजन **"खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025"** आज शाम बिहार के पटना में रंगारंग और भव्य समारोह के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया इसका उद्घाटन करेंगे।